छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय,
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर-492002

//आदेश//

नवा रायपुर, दिनांक: 01/08/2023

क्रमांक एफ 1-25/2023/20-2::: सहायक शिक्षक(एल.बी.) से प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) और शिक्षक तथा शिक्षक से प्रधान पाठक(पूर्व माध्यमिक शाला) के पद पर पदोन्नति पश्चात् पदस्थापना ओपन काउंसलिंग के माध्यम से किए जाने हेतु स्कूल शिक्षा विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-96/2022/20-2, दिनांक 07.11.2022 एवं दिनांक 29.03.2023 द्वारा प्रदेश के समस्त संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

2/ उक्त निर्देशों के पालन में संभागीय संयुक्त संचालक(शिक्षा) दुर्ग के द्वारा सहायक शिक्षकों के पदोन्नति उपरांत पदस्थापना हेतु काउंसलिंग करते हुए पदस्थापना आदेश जारी किए गए थे।

3/ उक्त काउंसलिंग के पश्चात् भी पदोन्नति उपरांत पदस्थापना आदेश में संशोधन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत की संभागायुक्त, दुर्ग से प्रारंभिक जांच कराया गया। जांच में कुल 1505 सहायक शिक्षकों के पद से पदोन्नति उपरांत **438** शिक्षकों के पदस्थापना स्थान में संशोधन कर शासन निर्देश के विपरीत अवैधानिक रूप से पैसों की लेन-देन कर भारी भ्रष्टाचार किए जाने की पुष्टि हुई है, जिसमें मुख्य रूप से श्री जी.एस.मरकाम, (मूल पद-उप संचालक) प्रभारी संभागीय संयुक्त संचालक(शिक्षा) दुर्ग की संलिप्तता पायी गई है।

4/ श्री जी.एस.मरकाम का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचार है।

5/ अतएव, राज्य शासन एतद्द्वारा, **श्री जी.एस.मरकाम (मूल पद-उप संचालक) प्रभारी संभागीय संयुक्त संचालक(शिक्षा) दुर्ग** को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है।

6/ निलंबन अवधि में श्री मरकाम का मुख्यालय लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में निलंबित लोक सेवकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,
01/8/23
(आर.पी.वर्मा)
अवर सचिव
छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ0क्रमांक एफ 1-25/2023/20-2
नवा रायपुर, दिनांक: 01/08/2023

प्रतिलिपि :-

1. निज सचिव, मान.मंत्रीजी, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर।
3. संभागायुक्त, दुर्ग, छत्तीसगढ़।
4. संभागीय संयुक्त संचालक(शिक्षा) दुर्ग, छत्तीसगढ़।
5. श्री जी.एस.मरकाम, (मूल पद-उप संचालक) प्रभारी संभागीय संयुक्त संचालक(शिक्षा) दुर्ग।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

6. स्टाक फाईल।

01/8/23
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग